# SSC PUBLIC EXAMINATION – 2025-2026

## HINDI MODEL PAPER ( Second Language)

Class: **X** **(Max.Marks: 100)** **Time : 3.15 Mnts.**

**Name of the Student:………………………………** **Roll No. :…...**

**भाग-I**

**I. अर्थग्राह्यता-प्रतिक्रिया:-**

**1) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

पुल पर गाडी अच्छी तरह चलने के बाद मुझे ख्याल आया कि पूरब की तरफ़ देखना तो छुट ही गया। हमने इस तरफ़ घूम कर देखा तो निराली ही रौनक़ नज़र आई। पश्चिम की तरफ गोदावरी जितनी चौड़ी थी, उससे भी ज़्यादा पूरब में थी। उसे कई मार्गों से और उत्तेजित होकर समुद्र में मिलना था ।

अ) गाडी कहाँ चल रही थी ? 2M

आ) गोदावरी को किसमें मिलना था ? ( ) 1M

A) तालाब में B) रेगिस्तान में C) समुद्र में D) नहर में

इ) गोदावरी नदी किस ओर ज़्यादा चौड़ी थी ? ( ) 1M

A) दक्षिण की ओर B) उत्तर की ओर C) पूरब की ओर D) पश्चिम की ओर

ई) लेखक का किस ओर देखना छूट गया था ? ( ) 1M

A) दक्षिण की ओर B) पूरब की ओर C) उत्तर की ओर D) पश्चिम की ओर

HAMARI HINDI

**2) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

ऊँच-नीच का भेद मिटाकर, दिल में प्यार बसायेंगे ।
नफ़रत का हम तोड़ कुहासा, अमृत रस सरसायेंगे ।।
हम निराशा दूर भगाकर, फिर विश्वास जगायेंगे ।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे ।।

प्रश्न :

अ)भारतवासी निराशा दूर भगाकर क्या जगायेंगे ? 2M

आ) भारतवासी क्या सरसायेंगे ? ( ) 1M

A) विश्वास B) प्रेम C) अमृत रस D) प्यार

इ) भारतवासी दुनिया को क्या बनाना चाहते हैं ? ( ) 1M

A) अद्भुत B) अमृत C) पावनधाम D) बाग

ई) भारतवासी दिल में क्या बसायेंगे ? ( ) 1M

A) अमृत B) नफ़रत C) घृणा D) प्यार

**3) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

मंडेला को लोकतंत्र के प्रथम संस्थापक और उद्धारक के रूप में देखा जाता था। नेल्सन मंडेला दक्षिण अफ्रीका में प्रायः मदीबा कहकर बुलाया जाता है। यह शब्द बुजुर्गों के लिए सम्मान सूचक है। उन्हें अब तक 250 से भी अधिक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

प्रश्न :

अ) मंडेला को किस रूप में देखा जाता था ? 2M

आ) अफ्रीका में बुजुर्गों का सम्मान सूचक शब्द क्या है ? ( ) 1M

A) मदीबा B) अनुबा C) तेरेसा D) जयब

इ) मंडेला को कितने पुरस्कार मिले ? ( ) 1M

A) 250 B) 255 C) 265 D) 225

ई) दक्षिण अफ्रीका में लोकतंत्र के उद्धारक कौन हैं ? ( ) 1M

A) मंडेला B) गाँधी C) तेरेसा D) पटेल

**4) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

मनुष्य के लिए स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। तंदुरुस्त रहने से मन प्रसन्न रहता है। मनुष्य दुगुने उत्साह के साथ अपने काम में लग सकता है। इसके विपरीत अस्वस्थ रहने से वह उदास हो जाता है। मन नीरस रहता है। इसलिए कहा गया है कि स्वस्थ तन में स्वस्थ मन और मस्तिष्क का निवास होता है।

प्रश्न :

अ) स्वस्थ तन में किसका निवास होता है ? 2M

आ)अस्वस्थ रहने से मनुष्य क्या हो जाता है ? ( ) 1M

A) चुस्त B) उदास C) प्रसन्न D) भड़कीला

इ) तंदुरुस्त रहने से क्या प्रसन्न रहता है ? ( ) 1M

A) उत्साह B) तन C) मन D) अस्वस्थ

ई)मनुष्य के लिए क्या अत्यंत आवश्यक है ? ( ) 1M

A) स्वस्थ रहना B) अस्वस्थ रहना C) उदास रहना D) भुलक्कड

**5. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।5M**

एक दिन ही रहता है
घास के झूले में झूलता है
चांदी जैसा चमकता है
चांदनी को भी लजाता है
घास का फूल धरती का लाडला रे राता ।

अ) घास का फूल कितने दिन रहता है ? 2M

आ) फूल किस के झूले में झूलता है ? ( ) 1M

A) घास के B) बांस के C) लडकी के D) डाली

इ) घास का फूल कैसा चमकता है ? ( ) 1M

A) सोना सा B) चंदी जैसा C) तांबा सा D) लोहा सा

ई)धरती का लाडला कौन है ? ( ) 1M

A) गुलाब B) चमेली C) घास का फूल D) जूही

**6. निम्न लिखित लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए। 5x1=5M**

विष्णु प्रभाकर का जन्म सन् 1912 में हुआ। वे आदर्शप्रिय व्यक्ति थे। इन्हें प्रेमचंद परंपरा का आदर्शोन्मुख यथार्थवादी लेखक कहा जाता है। 'आवरामसीहा' नामक रचना पर इन्हें सेवियत लैंड नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार ने 'पद्मभूषण' से सम्मानित किया है।

प्रश्न :

अ) विष्णु प्रभाकर का जन्म_____________में हुआ।

आ) विष्णु प्रभाकर_____________ व्यक्ति थे।

इ) विष्णु प्रभाकर की प्रमुख रचना_____________ है।

इ) विष्णु प्रभाकर_____________ परंपरा के लेखक हैं।

उ) भारत सरकार ने विष्णु प्रभाकर को _____________से सम्मानित किया है।

**7. संकेतों के आधार पर किसी एक कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए। 5M**

**अ) आर.पि.निशंक :**

i) रमेश पोखरियाल निशंक
ii) मातृभूमि के लिए
iii) आधुनिक हिंदी साहित्यकार
iv) मुख्य प्रतिपाद्य
v) जीवन पथ में, कोई मुश्किल नहीं

**(या)**

**आ) बिहारी :**

i) जन्म 1595 में
ii) मृत्यु 1663 में
iii) गुरु नरहरिदास
iv) रचना - सतसई (सप्तशती)
v) गागर में सागर भरना

## **भाग-II**

**II. अभिव्यक्ति:-**

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए।** **4 x 4 = 16M**

8) अ) कण-कण का अधिकारी कौन है? क्यों ?

(या)

आ) रहिमन पानी राखिए..............................मानुष चून।। दोहे की पूर्ति कीजिए।

9) अ) गरबा लोकगीत के बारे में आप क्या जानते हैं ?

(या)

आ) हिंदी भाषा सीखने से क्या-क्या लाभ है ?

10) अ) गोदावरी नदी के टापूओं की क्या विशेषता है ?

(या)

आ) टेसी थॉमस विद्यार्थीयों को कौन-सा संदेश दिया ?

11) अ) अरुणा की ममता पर अपना विचार बताइए ?

(या)

आ) राजा कुमारवर्मा के राज्य में अकाल की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई ?

## **भाग-III**

**III. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

12. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए। **1x8 = 8m**

अ) पंत जी प्रकृति के बेजोड़ कवि है। 'बरसते बादल' पाठ के आधार पर इसे स्पष्ट कीजिए।

**(या)**

आ) मीरा के पदों का भाव अपने शब्दों में लिखिए।

13. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए। **1x8 = 8m**

अ) ईदगाह कहानी के द्वारा हामिद के स्वभाव के बारे में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

**(या)**

आ) ए.पी.जे अब्दुल कलाम के विचार में आदर्श नागरिक के लक्षण स्पष्ट कीजिए।

## भाग-IV

**IV. सृजनात्मकता:-**

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

14. किसी एक पत्र का उत्तर लिखिए। **1x8 = 8m**

अ) रमेश गुंटूर में रहता है। रमेश की बहन (सरला) की शादी तिरुपती में होनेवाली है। तथ्य को आधार बनाकर कक्षाध्यापक के नाम पत्र लिखिए।

**(या)**

आ) रवि की परीक्षा के लिए कुछ पुस्तकें की आवश्यकती हुई। इस विषय को आधार बनाकर पुस्तक विक्रेता के नाम पत्र लिखिए।

**15. किसी एक निबंध का उत्तर दस वाक्यों में लिखिए। 1x10 = 10m**

अ) स्वच्छ आंध्र
आ) पर्यावरण और प्रदूषण
इ) प्रिय त्यौहार
ई) दूरदर्शन

## भाग-V

**V.भाषा की बात:-**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। 15 x 1=15M**

16. वस्तु अमोलक दी म्हारे सतगुरु, <u>किरपा</u> कर अपनाये। (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| कुपा | कृपा | कूपा |

17. गाँव से मेला चला। (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| चला | गाँव | मेला |

18. चौदह सौ बयासी – ( हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
| 1428 | 1582 | 1482 |

19) पहाड़ियों ...... अपने-अपने गीत हैं। (सही कारक चिह्न को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| के | में | से |

20) तुम <u>घन</u> बन हम मोरा। (रेखांकित शब्द का सही पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| पानी | अमृत | बादल |

21. भारत एक प्राचीन देश है। (रखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| पुराना | नवीन | आचीन |

22. भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनाते हैं। (रखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | तत्पुरुप समास | द्विगु समास |

23. पर्यावरण की रक्षा करना हमारा है। (रखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| परि+ आवरन | परि+ आवरण | परी+ आवरण |

24. लक्ष्मीबाई स्वराज्य की नींव की पत्थर बनीं। (रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| स्व | सु | स्वरा |

25. हिंदी अपने शाब्दिक अर्थ में भारतीय कहलाती है। (रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| य | तीय | ईय |

26. देखते ही देखते यान आँखों से ओझल हो गयी। (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे को विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| ओझल होना | देखते ही देखते | यान आँखों से |

27. स्त्रियाँ ढ़ोलक की मदद से गाती हैं। (इस वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।

| | | |
|---|---|---|
| पुरुषों ढ़ोलक की मदद से गाती हैं। | पुरूष ढ़ोलक की मदद से गाते हैं। | पुरूष ढ़ोलक की मदद से गाता है। |

28.लड़का खेल रहा है। (इस वाक्य का वचन परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| लड़की खेल रहे हैं। | लड़कों खेल रहे हैं। | लडके खेल रहे हैं। |

29. यह तो कोई यान है। (इस वाक्य का भूतकाल रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| . यह तो कोई यान होगा। | . यह तो कोई यान था। | . यह तो कोई यान हो। |

30. मैं पाठशाला जाता है। (इस वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| मैं पाठशाला जाता हो। | मैं पाठशाला जाता हैं। | मैं पाठशाला जाता हूँ। |